हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

03 मार्च 2026, समय 1810

<u>मुख्य समाचार :-</u>

1. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत मजबूत अर्थव्यवस्था के साथ विश्व के लिए आशा की किरण बना।

2. श्री मोदी ने उद्योगों से अनुसंधान और विकास में निवेश बढ़ाने तथा गुणवत्ता पर ध्यान केंद्रित करने का आग्रह किया।

3. मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने हरियाणा की 602 गौशालाओं के लिए 68 करोड़ 34 लाख रुपये की चारा अनुदान राशि जारी की।

4. विधान सभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने कहा - बजट प्रदेश के विकास को गति देगा।

5. हरियाणा पुलिस ने होली के त्योहार के मद्देनजर सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए।

**********************************************************************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि भारत मजबूत अर्थव्यवस्था के साथ विश्व के लिए आशा की किरण बना हुआ है। प्रधानमंत्री ने कहा कि तीव्र आर्थिक विकास विकसित भारत के दृष्टिकोण को साकार करने का आधार बन गया है।

*<u>आज जब भारत अपनी मजबूती इकोनॉमी से पूरे विश्व की उम्मीद बना हुआ है। ग्लोबल सप्लाई चैन रिशेप हो रही है। तब अर्थव्यवस्था की तेज प्रगति विकसित भारत का भी बहुत बड़ा आधार है। हमारी दिशा स्पष्ट है, हमारा संकल्प स्पष्ट है। बिल्ड मोर, प्रोड्यूस मोर, कनेक्ट मोर और एक्सपोर्ट मोर।</u>*

बजट उपरांत आयोजित वेबिनार 'आर्थिक विकास को सतत और सुदृढ़ बनाना' को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि विश्व विश्वसनीय और लचीले विनिर्माण साझेदारों की तलाश में है। उन्होंने कहा कि भारत के पास इस दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का अवसर है।

*मैन्युफैक्चरिंग लॉजिस्टिक्स हमारे एम.एस.एम.ई. लघु उद्योग कुटीर उद्योग, इतना ही नहीं हमारे छोटे बड़े शहर के अर्थव्यवस्था के पिलर्स के तौर पर दिखने में तो अलग-अलग लगते हैं, लेकिन वे सभी इंटरकनेक्टेड है। जैसे मजबूत मैन्युफैक्चरिंग, नए अवसर तैयार करती है और इससे निर्यात में बढ़ोत्तरी होती है।*

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत ने कई देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौते किए हैं और देश के लिए अपार अवसरों के द्वार खुल गए हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने उद्योगों से अनुसंधान और विकास में निवेश बढ़ाने तथा गुणवत्ता पर ध्यान केंद्रित करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि इस मिशन का लक्ष्य देश को उन्नत बायोफार्मा अनुसंधान और विनिर्माण में अग्रणी बनाना है।

*बजट में बायोफार्मा शक्ति मिशन की घोषणा भी की गई है इस मिशन का उद्देश्य है। भारत को बायोलॉजिक्स और नेक्स्ट जेनरेशन थेरेपी के क्षेत्र में ग्लोबल हब बनाना। हम एडवांस बायो फार्मा रिसर्च और मैन्युफैक्चरिंग में लीडरशिप की ओर बढ़ना चाहते हैं।*

***********************************************************************

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज हरियाणा की 602 पंजीकृत गौशालाओं के लिए 68 करोड़ 34 लाख रुपये की चारा अनुदान राशि जारी की। सोनीपत जिले के गांव भटगांव में आयोजित राज्य स्तरीय गौशाला चारा अनुदान राशि वितरण समारोह में बोलते हुए मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को होली के पर्व की शुभकामनाएं भी दी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि गौ सेवा सामाजिक समरसता, ग्रामीण अर्थव्यवस्था और पर्यावरण संरक्षण से भी जुड़ा हुआ विषय है। सरकार का उद्देश्य गौशालाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। इस दौरान मुख्यमंत्री ने भटगांव की दोनों ग्राम पंचायतों तथा धर्मार्थ गौशाला भटगांव को 21-21 लाख रुपये देने की भी घोषणा की।

मुख्यमंत्री ने बताया कि सोनीपत जिले की 27 पंजीकृत गौशालाओं के लिए 5 करोड़ 60 लाख रुपये की राशि जारी की गई है।

उन्होंने बताया कि अब तक पिछले सवा 11 वर्षों में प्रदेश सरकार द्वारा 525 करोड़ 75 लाख रुपये की राशि जारी की गई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश की 330 गौशालाओं में सौर ऊर्जा सयन्त्र स्थापित किए जा चुके हैं और वर्ष 2026-27 तक सभी पंजीकृत गौशालाओं को सौर ऊर्जा आधारित परिसरों में परिवर्तित करने का लक्ष्य रखा गया है।

मुख्यमंत्री ने पंचायतों, स्वयंसेवी संगठनों, धार्मिक संस्थाओं और युवाओं से आह्वान किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों की गौशालाओं को आत्मनिर्भर बनाने में सक्रिय सहयोग करें।

*********************************************************************

हरियाणा के वर्ष 2026-27 के लिए प्रस्तुत बजट में करनाल जिले के घरौंडा विधानसभा क्षेत्र के लिए अनेक विकास परियोजनाओं की घोषणा की गई है। घरौंडा में हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण का सेक्टर विकसित किया जाएगा। इसके साथ ही विधानसभा क्षेत्र के गांव हसनपुर में 100 एकड़ का हिरण पार्क स्थापित होगा। इनके अतिरिक्त दिल्ली से करनाल तक रैपिड रेल कनेक्टिविटी की भी घोषणा की गई है। इसके साथ ही करनाल में 600 एकड़ में ग्रीन फील्ड एयरपोर्ट विकसित करने के लिए केंद्र से अनुमति ली जाएगी।

विधान सभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने इसके लिए मुख्यमंत्री का आभार जताते हुए कहा है कि इन परियोजनाओं से क्षेत्र के विकास को गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि बजट प्रदेश के विकास को गति देगा।

*********************************************************************

खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम ने कहा है कि हरियाणा के बजट में सभी वर्गों के हितों का ध्यान रखा गया है।

वे आज पलवल में एक पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे।

श्री गौतम ने कहा महिलाओं व किसानों के लिए भी बजट में कई घोषणाएं की गई है और युवाओं के भविष्य के लिए भी प्रावधान किए गए हैं।

उन्होंने कहा कि अगिन वीरों को हरियाणा पुलिस में विभिन्न पदों पर नियुक्तियों में 20 प्रतिशत आरक्षण देने का प्रस्ताव भी किया गया है।

*********************************************************************

हरियाणा के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने कहा है कि प्रदेश का वर्ष 2026-27 का बजट वर्ष 2047 तक हरियाणा को विकसित राज्य बनाने की परिकल्पना के अनुरूप है।

आज जींद में एक पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए शिक्षा मंत्री ने कहा प्रधानमंत्री द्वारा आत्मनिर्भर भारत के आह्वान के अनुरूप हरियाणा सरकार ने भी प्रदेश को आत्मनिर्भर, समृद्ध और सशक्त बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। बजट में आधारभूत संरचना, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, उद्योग और रोजगार सृजन पर विशेष बल दिया गया है।

*********************************************************************

हरियाणा पुलिस ने होली के त्योहार के मद्देनजर सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए हैं। पंचकूला की पुलिस उपायुक्त सृष्टि गुप्ता ने सभी जिलावासियों को होली की शुभकामनाएं देते हुए अपील की है कि वे दूसरों की भावनाओं और संवेदनशीलता का सम्मान करते हुए बिना कोई हुड़दंग किए इस उत्सव को मनाएं।

*********************************************************************

आज चंद्र ग्रहण के अवसर पर पंजाब, चंडीगढ़ और हरियाणा के विभिन्न जिलों से कुरुक्षेत्र पहुंचे श्रद्धालुओं ने ब्रह्म सरोवर पर स्नान कर दान किया व पूजा अर्चना की। मान्यता है कि चंद्र ग्रहण एवं सूर्य ग्रहण व अमावस्या पर ब्रह्म सरोवर में स्नान करने से पुण्य की प्राप्ति होती है।

*********************************************************************